

# शांति निकेतन परीक्षा केन्द्र पर नकल, परिसर में फैली थीं पर्चियां

## नकल कराने बदनाम प्रतिबंधित शिक्षकों की डीईओ ने फिर लगाई ड्यूटी, नकल माफिया के इशारे पर केन्द्र के चारों ओर रैकी करते दिखे युवक





**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 19 फरवरी।** हाईस्कूल और हायर सेकंडरी की बोर्ड परीक्षाओं में लाख कोशिशों के बावजूद नकल पर रोक नहीं लग पा रही है। अंबाह के शांति निकेतन स्कूल में बने परीक्षा केंद्र पर गुरुवार को खुलेआम नकल चली, जिसका वीडियो भी वायरल हुआ। वायरल वीडियो में स्कूल परिसर की नकल माफिया के लोग रैकी करते हुए दिख रहे हैं। वहीं स्कूल परिसर में सीरिज और गाइड की पर्चियां भी बिखरी थीं। इधर जिले के पांच परीक्षा केंद्रों से नौ छात्र नकल करते हुए पकड़े गए।

### जिन शिक्षकों पर एफआईआर के आदेश, उनकी परीक्षा में ड्यूटी लगाई

नकल कराने के लिए बदनाम अंबाह के एक परीक्षा केंद्र से तीन शिक्षकों पर्यवेक्षक रिंकू शर्मा प्राथमिक शिक्षक, अरविंद मावई प्राथमिक शिक्षक और रामप्रताप कुशवाह माध्यमिक शिक्षक को हटाने के आदेश पहले तो डीईओ बीएस इंदौलिया ने 17 फरवरी को जारी किए।

आदेश में यहां तक कहा गया कि अगर यह शिक्षक परीक्षा केंद्र की 200 मीटर की परिधि में भी दिखाई दिए तो इनके ऊपर एफआईआर दर्ज कराई जाए। लेकिन अगले ही इनमें से दो शिक्षकों की जिला शिक्षा अधिकारी ने ही खुद शिक्षक अरविंद मावई और रिंकू शर्मा को अशासकीय अनुदान प्राप्त किला उमावि अंबाह परीक्षा केंद्र पर ड्यूटी लगा दी।

### परीक्षा में नकल कराते पाए जाने पर दो शिक्षक सस्पेंड

बुधवार को रसायन शास्त्र, इतिहास, व्यवसाय अध्ययन आदि के प्रश्नपत्र में परीक्षा केंद्र क्रमांक 118075 अशासकीय पंडित नेहरू महाविद्यालय भाग-1 बानमोर में कलेक्टर द्वारा गठित निरीक्षण दल ने पर्यवेक्षण काम में नियुक्त प्राथमिक शिक्षक नंदनी भदौरिया, यशोदा सिकरवार को परीक्षा कक्ष में नकल कराते हुए पाया।

इसके लिए इन दोनों शिक्षकों तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

### 26745 परीक्षार्थी उपस्थित, 935 रहे अनुपस्थित



माशिमं द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं हायर हाईस्कूल संस्कृत विषय की परीक्षा में गुरुवार को जिले के पांच परीक्षा केंद्रों से 9 परीक्षार्थियों को नकल करते पकड़ा गया। संस्कृत विषय की परीक्षा में दर्ज 27 हजार 680 परीक्षार्थियों में से 935 अनुपस्थित रहे। वहीं शासकीय उमावि अंबाह में एक, शासकीय कन्या मलबा उमावि कैलारस में दो, शासकीय कन्या उमावि सबलगढ़ में एक, अशासकीय पंडित नेहरू कॉलेज बानमोर भाग-1 में एक तथा अशासकीय शांति निकेतन उमावि अंबाह में पांच नकल प्रकरण बने।

**इनका कहना है...**

हाईस्कूल संस्कृत के पेपर में पांच केंद्रों से नौ परीक्षार्थी नकल करते पकड़े हैं। जिन दो शिक्षकों को परीक्षा कार्य से दूर रखकर खिलाफ एफआईआर के निर्देश किए थे, उनकी रात में गलती से ड्यूटी लग गई थी, सुबह उनकी ड्यूटी काट दी है।

**बीएस इंदौलिया**
**जिला शिक्षा अधिकारी**

## मुरैना की फैक्ट्रियों में स्थानीय युवाओं को नहीं दे रहे नौकरी

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 19 फरवरी।** जिले के औद्योगिक क्षेत्र बानमोर में संचालित फैक्टरियों पर स्थानीय बेरोजगारों की उपेक्षा का आरोप शिक्षित बेरोजगार संघ के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार मंगल ने कलेक्टर को भेजे पत्र में कही। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की अप्रेंटशिप योजना के तहत युवाओं को रोजगार के अवसर मुहैया कराने के लिए एक साल के लिए फैक्टरियों को पुन: रोजगार देना है, जिसमें युवाओं को तीन वर्षीय डिप्लोमा योग्यता होना चाहिए।

साथ ही आवेदक की उम्र 40 साल होना चाहिए। लेकिन स्थानीय फैक्टरी मालिक सरकार के नियमों को ताक पर रखकर काम कर रहा है। फैक्टरी प्रबंधन 30-32 साल के डिप्लोमाधारी बेरोजगारों की भर्ती नहीं कर रहा है। इस संबंध में जिला रोजगार कार्यालय से जानकारी हासिल की तो उनका कहना है कि जेके टायर आज तक किसी भी जिले के रोजगार मेले में भर्ती नहीं की गई है।




# नगर निगम के मस्टर कर्मचारी की सड़क हादसे में मौत

**ग्वालियर से मुरैना लौटते समय एनएच 44 पर हुई घटना**

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 19 फरवरी।** बाइक लेकर ग्वालियर से मुरैना आ रहे नगर निगम मुरैना के मस्टर कर्मचारी की बुधवार की रात को सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा नूराबाद थाना क्षेत्र में एनएच-44 पर हुआ। मृतक पत्नी को ग्वालियर में रिश्तेदार के घर छोड़ने के बाद बाइक पर सवार होकर मुरैना आ रहा था, इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी।

जानकारी के अनुसार शहर की संजय कॉलोनी में रहने वाला धीरज 35 पुत्र श्रीचंद्र नगर निगम मुरैना में मस्टर कर्मचारी के रूप में कार्यरत था। 18 फरवरी को धीरज अपनी पत्नी श्रीमती तरुणदेवी को साथ लेकर बाइक से ग्वालियर गया हुआ था। पत्नी को ग्वालियर में रहने वाले अपने रिश्तेदार के घर छोड़कर धीरज अकेला ही बाइक से मुरैना आ रहा था। इसी दौरान एनएच-44 पर नूराबाद क्षेत्र में अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। जख्मी हालत में पुलिस ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया जहां इलाज के दौरान धीरज की मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# विधानसभा का घेराव करने भोपाल जाएंगे कांग्रेस कार्यकर्ता

## जिला कांग्रेस की समन्वय समिति एवं ब्लॉक अध्यक्षों की बैठक आयोजित



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 19 फरवरी।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में 24 फरवरी को मप्र विधानसभा का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा। इस घेराव व प्रदर्शन में शामिल होने के लिए मुरैना जिले से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता भोपाल जाएगें।

यह बात जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण जिलाध्यक्ष मधुराज सिंह तोमर ने कही। श्री तोमर, विस घेराव कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में आयोजित बैठक में बोल रहे थे। यह बैठक 19 फरवरी को मुरैना विधायक दिनेश गुर्जर के चंबल कॉलोनी स्थित कार्यालय पर हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष श्री तोमर ने ब्लॉक अध्यक्षों को पंचायत एवं वार्ड कमेटियों का गठन शीघ्र करने के निर्देश दिए। बैठक में विधायक दिनेश गुर्जर ने कहा कि ऊर्जावान कार्यकर्ताओं के बूते 24 फरवरी को मप्र विधानसभा को घेराव कर प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में भोपाल पहुंचकर घेराव, प्रदर्शन कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की।

### इन बिंदुओं पर भी हुई चर्चा

कांग्रेस की बैठक में वोटर लिस्ट एसआईआर, कांग्रेस में प्रकोष्ठ, विभागों के जिलाध्यक्षों की नियुक्ति, पंचायत, वार्ड कमेटियों का गठन आदि बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके साथ ही विस घेराव को लेकर ब्लॉक अध्यक्षों को जिम्मेदारियों भी सौंपी गई।

### बैठक में इनकी रही मौजूदगी

सुमावली विस प्रभारी राहुल शर्मा, मुरैना विस प्रभारी गजेन्द्र कुशवाह, भगवान सिंह तोमर, प्रवक्ता हरीश पाठक, ननि सभापति राधारमण डंडौतिया, लोकेन्द्र यादव, राजेन्द्र यादव, विनीत कंषाना, प्रदीप रजक, श्रीमती मंजू सिकरवार, राजपाल तोमर, शैलेन्द्र शर्मा, शेर सिंह तोमर, पूरन यादव, ओमप्रकाश गुर्जर, परशुराम जाटव, आसिफ कुरैशी, प्रमोद परमार, राजकुमार धाकड़, धर्मेन्द्र सिकरवार आदि बैठक में मौजूद रहे।

## हत्या के मामले में फरार 4 आरोपियों पर ईनाम घोषित

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 19 फरवरी।** सरायछौला थाना क्षेत्र के कैंथरी गांव में बीते दिनों हुई युवक की हत्या के मामले में नामजद 4 आरोपियों की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक मुरैना समीर सौरभ ने पांच-पांच हजार रूपये का ईनाम घोषित किया है।

इनमें छोटू उर्फ हरीराम पुत्र रामप्रकाश गुर्जर, गिर्राज पुत्र रामप्रकाश गुर्जर निवासीगण ग्राम रजई का पुरा कैंथरी, आशु पुत्र पुलेन्द्र गुर्जर नि. जनकपुर और रवि उर्फ रविन्द्र पुत्र विजय सिंह गुजर नि. देव का पुरा मौरोली जिला धौलपुर राजस्थान शामिल है।

# चिटफंड सोसाइटी के अध्यक्ष को 7 वर्ष सश्रम कैद, 4 लाख जुर्माना

## सैकड़ों निवेशकों को नहीं किया समय पर लाखों का भुगतान

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 19 फरवरी।** सैकड़ों निवेशकों की खून-पसीने की कमाई के लाखों रुपए चिटफंड कंपनी में जमा कराकर उन्हें भुगतान न करने वाले सोसाइटी अध्यक्ष को धोखाधड़ी का दोषी मानते हुए तृतीय अपर सत्र न्यायालय ने सात साल की सश्रम जेल और चार लाख रुपए जुर्माने से दंडित किया है।

अपर लोक अभियोजक राजकुमार शर्मा ने बताया कि आरोपी रामनिवास गोले 45 पुत्र रामजीलाल गोले निवासी मथुरा कॉलोनी मुरैना ने प्रगति परिवार क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी मर्यादित मुरैना के नाम से चिटफंड कंपनी खोली। जिसमें रामनिवास स्वयं अध्यक्ष था और चंद्रपाल सिंह प्रजापति 45 पुत्र ग्यासीराम प्रजापति निवासी न्यू आमपुरा मुरैना उपाध्यक्ष था। दोनों लोगों ने सिविल लाइन क्षेत्र में अपना ऑफिस खोला, जिसमें गिर्राज प्रजापति नामक व्यक्ति को कंपनी में एम्पलाई रखकर सैकड़ों निवेशकों को रुपया दोगुना करने का लालच देकर लाखों रुपए जमा करा लिए। शुरुआत में कंपनी ने हितग्राहियों को नियमित रूप से भुगतान किया लेकिन जब निवेश की रकम बढ़ने लगी तो भुगतान देने से इनकार कर दिया।

### रिश्तेदारों से जमा कराए लाखों रुपए, नहीं किया भुगतान

चिटफंडी कंपनी में बतौर कर्मचारी गिर्राज प्रजापति के माध्यम से चिटफंड कंपनी संचालकों ने पीड़ित गिर्राज प्रजापति, राधा प्रजापति, लालसिंह प्रजापति, बच्चू बघेल, रामकरन प्रजापति, मुकेश बघेल, अब्दुल हक, राजकुमार प्रजापति, दिलीप प्रजापति, रजनी प्रजापति, गुड्डी प्रजापति सहित सैकड़ों निवेशकों की लाखों रुपए की राशि जमा करवा ली। बाद में इनका भुगतान नहीं किया। इस मामले में 3 जुलाई 2023 को सिविल लाइन थाने में दोनों के विरुद्ध धोखाधड़ी की धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई।

### एक दोषी को 7 साल सश्रम जेल, 4 लाख जुर्माना, दूसरा दोषमुक्त

तृतीय अपर सत्र न्यायालय ने केस की सुनवाई के बाद मुख्य अभियुक्त रामनिवास गोले को दोषी मानते हुए 7 साल की सश्रम जेल और 4 लाख रुपए जुर्माने से दंडित किया है। वहीं दूसरे आरोपी चंद्रपाल सिंह प्रजापति को दोषमुक्त कर दिया।

## जीवन में शिक्षा का काफी महत्व होता है : शुक्ला

**मुरैना, 19 फरवरी।** शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार ही छात्रों की सफलता का मूल ध्येय है। यह बात समाजसेवी जगदीश शुक्ला ने जवाहर नवोदय विद्यालय की रासेयो के सात दिवसीय शिविर के उद्घाटन पर गोद लिए गांव मानपुर में कही। उपस्थित डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एचएन हाड़ा कॉलेज प्रो. विनोद सिंह कुशवाह ने भी छात्रों का मार्गदर्शन किया। शिविर में रामलखन सिंह, अशोक कुमार शर्मा, सुधीर कुमार पाठक, योगेंद्र उपाध्याय, चंद्रमोहन शर्मा, आशुतोष तिवारी, प्रीति श्रीवास्तव, प्रज्ञा चौहान, एसके दीक्षित, वासुदेव शर्मा, नेतराम सिंह, ललित शर्मा, स्कूल प्राचार्य रामनरेश शर्मा, हरीशंकर कंषाना, रामलखन सिंह, एसके दीक्षित आदि मौजूद रहे।




## देवरी में संकल्प से समाधान शिविर आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 19 फरवरी।** संकल्प से समाधान अभियान के तहत देवरी गांव में गुरुवार को शिविर का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित नागरिकों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा प्राप्त आवेदनों का अधिकारियों द्वारा प्राथमिकता के आधार पर निराकरण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। इसके अतिरिक्त अन्य क्लस्टरों में भी शिविर लगाए गए। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने बताया कि अभियान के तहत अब तक कुल 82 हजार 606 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। इन प्रकरणों में से 82 हजार 29 आवेदन स्वीकृत किए गए हैं, जिनके माध्यम से पात्र हितग्राहियों को केंद्र एवं राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ प्रदान किया गया है। वहीं 577 आवेदन निर्धारित नियमों के अनुरूप अस्वीकृत किए गए हैं।

# ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं फार्मासिस्ट : डॉ. भारद्वाज

**नवभारत न्यूज**

मुरैना, 19 फरवरी। फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया एवं मप्र राज्य फार्मेसी परिषद के संयुक्त तत्वावधान में डिवाइन इंटरनेशनल ग्रुप में द इम्प्लीमेंटेशन ऑफआधार इनेबल्ड बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम फॉर फार्मेसी इंस्टीट्यूशन्स विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन गुरुवार को किया गया। जिसमें डॉ. सुधीर भारद्वाज ने सभी अतिथियों एवं संस्थानों से आए प्राचार्यों का स्वागत किया।

उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं शैक्षणिक गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं संस्थागत अनुशासन को सुदृढ़ करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। मुख्य अतिथि जसुभाई चौधरी उपाध्यक्ष, फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया ने काउंसिल द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. संजय जैन अध्यक्ष मप्र राज्य फार्मेसी परिषद ने बताया कि परिषद द्वारा प्रत्येक फार्मासिस्ट के पंजीकरण की प्रक्रिया को सरल एवं ऑनलाइन बना दिया गया है। अब प्रत्येक फार्मासिस्ट सहज रूप से ऑनलाइन पंजीकरण कर सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि मध्य प्रदेश के फार्मासिस्टों के हित में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर काम किया जा रहा है, जिनमें आकस्मिक मृत्यु की स्थिति में 2 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान करने की योजना प्रमुख है। इस मौके पर डॉ. नीरज उपमन्यु, रतनलाल गर्ग, आईटी विशेषज्ञ आशुतोष, डॉ. विवेक भदौरिया, डॉ. विकास शर्मा, डॉ. प्रताप सिंह जादौन, डॉ. राजेश सिंह जादौन, डॉ. प्रियंबदा शर्मा भी मौजूद रहीं।



# जनगणना कार्य में लापरवाही न हो : संभागायुक्त

## नगरीय क्षेत्रों के लिए दिया गया प्रशिक्षण

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 19 फरवरी।** चंबल संभागायुक्त सुरेश कुमार ने कहा है कि जनगणना निदेशालय के मार्गदर्शन में देश में प्रत्येक 10 वर्ष में जनगणना कराई जाती है, किन्तु कोविड.काल के कारण पिछली जनगणना नहीं हो सकी। अब भारत की जनगणना-2027 लगभग 16 वर्ष बाद आयोजित की जा रही है, जिसकी मॉनिटरिंग एवं प्रबंधन कार्य जनगणना प्रबंधन एवं निगरानी प्रणाली सीएमएमएस वेब पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा।

संभागायुक्त गुरुवार को नगरीय क्षेत्रों के लिए आयोजित दो दिवसीय जनगणना प्रशिक्षण में बोल रहे थे। इस अवसर पर कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी लोकेश कुमार जांगिड़, भोपाल से आए संभाग स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ. रघुवंश मणि, जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर विपिन कुमार सिंह, जिला जनगणना अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर अरविन्द माहौर, आयुक्त नगर निगम सतेन्द्र धाकरे सहित नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने कहा कि जनगणना प्रशासनिक अधिकारियों के लिए अपनी प्रबंधन क्षमता सिद्ध करने का महत्वपूर्ण अवसर है।

### एक मई से शुरुआत, दो चरणों में होगी जनगणना

2027 की जनगणना पूर्व की भांति दो चरणों में संपन्न होगी। प्रथम चरण में 1 मई से 30 मई तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा, जिसमें मकानों की स्थिति, सुविधाओं एवं परिसंपत्तियों का विवरण प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर एकत्रित किया जाएगा। वहीं दूसरे चरण में फरवरी 2027 में जनसंख्या गणना का काम किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति का विवरण दर्ज किया जाएगा।

**आम सूचना**

श्री दर्शनलाल कुशवाह पुत्र श्री भगवान लाल कुशवाह के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भवन स्थित पोस्ट ऑफिस रोड, पुराना जौरा, तहसील जौरा व जिला मुरैना (म.प्र.) है जो नगर पालिका जौरा वार्ड क्र. 13 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.1080/1 एवं 1080/2 ग्राम जौरा का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1356 वर्गफुट है और जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :- पूर्व में-रास्ता 20 फुट चौड़ा, पश्चिम में-भूमि का शेष भाग दानकर्ता, उत्तर में-भवन पप्पू कुशवाह एवं दक्षिण में-फार्म मनीष रावत है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री दर्शनलाल कुशवाह पुत्र श्री भगवानलाल कुशवाह एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री दर्शनलाल कुशवाह द्वारा उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में श्रीमती लीलावती पत्नी श्री दर्शनलाल कुशवाह के हित में दानपत्र विलेख सम्पादित किये जाने हेतु डीड का ड्राफ्ट तैयार किया गया है एवं रजिस्टर्ड दानपत्र विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्रीमती लीलावती द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान मुथूट होमफिन (इण्डिया) लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांकों के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
**नीरज जैन, एडवोकेट**
**कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.), मो.नं. 98276-72710**

## नगर निगम का विभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल आज

**फाइनल मैच सम्पत्तिकर और जीएडी भंडार के बीच**

**ग्वालियर 19 फरवरी।** नगर निगम द्वारा आयोजित अंतर विभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट में आज पहला सेमीफाइनल मैच स्वास्थ्य विभाग और जीएडी भंडार के मध्य हुआ। जीएडी की टीम के दिग्गज बल्लेबाज भीमा गुर्जर की धमाकेदार 41 रनों की पारी से टीम ने 94 रन का विशाल स्कोर स्वास्थ्य विभाग को दिया। रोमांचक मुकाबला में स्वास्थ्य विभाग की टीम संघर्ष करते हुए हार गई और जीएडी भंडार की टीम ने फाइनल में प्रवेश किया।

दूसरा सेमी फाइनल मैच सम्पत्तिकर व विद्युत के मध्य रहा जिसमें विद्युत की पूरी टीम कुछ ही ओवर खेल कर ऑल आउट होकर मात्र 29 रन बनाये। जिसे सम्पत्तिकर की टीम ने आसानी से जीतकर फाइनल में अपनी जगह बनाई। इस मैच के मैन ऑफ द मैच वीरेन्द्र पाराशर रहे। जिन्होंने 2 ओवर में मात्र 4 रन देकर 4 विकेट लिए।

फाइनल मैच सम्पत्तिकर और जीएडी भंडार के बीच आज 20 फरवरी को खेला जाएगा। टूर्नामेंट का आयोजन नोडल अधिकारी बी के त्यागी के निर्देशन में किया जा रहा है। इस दौरान सहायक खेल अधिकारी जितेन्द्र यादव, नमन कौरव एवं अयोध्या शर्मा आदि सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बोर्ड पैटर्न पर पांचवीं और आठवीं की परीक्षाएं आज से

**दोपहर की पाली में होंगी परीक्षाएं, सेंटरों पर रहेगी सीसीटीवी निगरानी**

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 19 फरवरी।** इस वर्ष मध्यप्रदेश में पांचवीं और आठवीं कक्षा की परीक्षाएं बोर्ड की तर्ज पर आयोजित की जा रही हैं। शहर में परीक्षा संबंधी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उनके परीक्षा केंद्र पास के अन्य स्कूलों में बनाए गए हैं, ताकि बच्चों को स्कूल तक पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। परीक्षाएं दोपहर की पाली में आयोजित की जाएंगी। परीक्षा का समय दोपहर 2 बजे से शाम 4.30 बजे तक निर्धारित किया गया है। सभी विद्यार्थियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे परीक्षा शुरू होने से पहले, यानी दोपहर 1.30 बजे तक अपने-अपने केंद्रों पर अनिवार्य रूप से पहुंच जाएं। शिक्षा विभाग ने परीक्षाओं की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं। जिन स्कूलों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, वहां सीसीटीवी कैमरे पहले से लगे हुए हैं और परीक्षा के दौरान सतत निगरानी रखी जाएगी। इसके अलावा शिक्षकों और पर्यवेक्षकों की ड्यूटी भी निर्धारित कर दी गई है, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता या नकल की संभावना को पूरी तरह रोका जा सके। अधिकारियों का कहना है कि इस बार परीक्षा प्रणाली को अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने पर विशेष जोर दिया गया है। विद्यार्थियों को भी नियमों का पालन करने और समय पर केंद्र पहुंचने की सलाह दी गई है।

### 28 तक चलेंगी परीक्षाएं

पांचवीं और आठवीं कक्षा की परीक्षाएं शुक्रवार से शुरू होकर 28 फरवरी तक लगातार आयोजित की जाएंगी। परीक्षा कार्यक्रम के बीच केवल एक दिन का अंतर दिया जाएगा, बाकी सभी पेपर निर्धारित तिथियों पर संपन्न होंगे। पांचवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए कुल चार विषयों-हिंदी, अंग्रेजी, गणित और ईवीएस की परीक्षाएं आयोजित होंगी। वहीं आठवीं कक्षा के छात्रों को हिंदी, अंग्रेजी, गणित, सामाजिक विज्ञान और संस्कृत विषयों की परीक्षा देनी होगी। परीक्षा की तैयारियों को लेकर विद्यार्थियों और अभिभावकों में उत्साह के साथ हल्की चिंता भी देखी जा रही है। बोर्ड पैटर्न पर परीक्षा होने के कारण इस बार परिणाम को अधिक महत्व दिया जा रहा है। स्कूलों ने भी विद्यार्थियों की तैयारी को मजबूत करने के लिए अतिरिक्त कक्षाएं और पुनरावृत्ति सत्र आयोजित किए थे।

# सड़क पर कचरा फैंकने पर वसूला जुर्माना



**ग्वालियर 19 फरवरी।** शहर स्वच्छ व साफ रहे इसलिए गंदगी फैलाने वालों, अमानक पॉलीथिन, गोबर नालियों में बहाने वालों एवं भवन सामग्री सडक पर डालने वालों पर निगम द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है। नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशानुसार गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई निरंतर की जा रही है। जिसके तहत आज स्वास्थ्य अधिकारी किशोर चौहान के निर्देशन में वार्ड क्र. 44 माधव प्लाजा मनसा देवी सिक्योरिटी द्वारा कचरा सड़क पर फैंकने पर 1500 रूपये का जुर्माना किया गया तथा वार्ड क्र. 40 में हरीश चंदवानी पर अमानक पॉलिथीन का उपयोग करने पर 2000 रूप्ये का जुर्माना किया गया। कार्रवाई के दौरान सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जोगेंद्र यादव, फ्लाइंग एस्कॉर्ट प्रभारी धर्मेंद्र धीरज धौलपुरिया, वार्ड हेल्थ ऑफीसर महेश खरे, लोकेंद्र चंडालिया आदि उपस्थित रहे।